संसद सदस्यों ने लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक को श्रद्धासुमन अर्पित किए

नई दिल्ली, 23 जुलाई, 2019: लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला; राज्य सभा के उप सभापति श्री हरिवंश और पूर्व उप प्रधानमंत्री, श्री एल.के. आडवाणी ने आज लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों में अनेक संसद सदस्य और पूर्व संसद सदस्य शामिल थे। लोक सभा की महासचिव, श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के जीवनवृत्त को दर्शाने वाली पुस्तिका भेंट की गई।

भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री, पंडित जवाहर लाल नेहरू ने राष्ट्र के प्रति लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की उत्कृष्ट सेवाओं के सम्मान में 28 जुलाई, 1956 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र का अनावरण किया था।